हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

कार्यसूची

चौदहवां सत्र

शुक्रवार, 3 मार्च, 2017/12 फाल्गुन, 1938(शक्)

11.00 बजे (पूर्वाह्न)

1. **प्रश्नोत्तर:**

   (1) **तारांकित:**

   (i) स्थगित
   (ii) दिन के लिए } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्न पूछे जाएंगे तथा उनके उत्तर दिए जाएंगे ।

   (2) **अतारांकित:**

   (i) स्थगित
   (ii) दिन के लिए } पृथक सूचियों में मुद्रित प्रश्नों के उत्तर सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

2. **कागज़ात सभा पटल पर रखे जाएंगे:**

   श्री ठाकुर सिंह भरमौरी, वन मन्त्री, निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे:-

   (i) भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश वन विभाग, हिमाचल वन सेवा (हि0प्र0व0से0) (सहायक अरण्यपाल) वन परिक्षेत्र अधिकारी, वर्ग-I(राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2016 जोकि अधिसूचना संख्या: एफ0एफ0ई-ए(बी)2-17/2015 दिनांक 22.11.2016 द्वारा अधिसूचित तथा शासकीय राजपत्र में दिनांक 08.12.2016 को प्रकाशित; और

   (ii) भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश वन विभाग, वन परिक्षेत्र अधिकारी, वर्ग-II(राजपत्रित) भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2016 जोकि अधिसूचना संख्या: एफ0एफ0ई-ए(बी)2-1/2014 दिनांक 04.10.2016 द्वारा अधिसूचित तथा शासकीय राजपत्र में दिनांक 06.10.2016 को प्रकाशित ।

3. <u>नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:</u>

श्री रविन्द्र सिंह, दिनांक 26 फरवरी, 2017 को दैनिक जागरण समाचार-पत्र में प्रकाशित समाचार शीर्षक **"ऑपरेशन के बाद मरीज की आंखों की रोशनी गई"**, से उत्पन्न स्थिति की ओर **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** का ध्यान आकर्षित करेंगे ।

4. <u>राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव-प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:</u>

श्री जगजीवन पाल, निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:

कि राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्न शब्दों में उनकी सेवा में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाए:-

"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का दिनांक 1 मार्च, 2017 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, ह्दय से आभार प्रकट करते हैं ।"

श्री संजय रतन, प्रस्ताव का अनुसमर्थन करेंगे ।

शिमला-171 004
दिनांक: 2 मार्च, 2017

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव ।

****

(अनुपूरक कार्यसूची, यदि कोई हो, की भी जांच कर लें)

हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

शुक्रवार, 3 मार्च, 2017/12 फाल्गुन, 1938 (शक्) के लिए निर्धारित
स्थगित प्रश्नों की सूची का

"शुद्धिपत्र"

मद संख्या	शुद्धियां

कुल प्रश्न-I

*3591	" स्थगित तारांकित प्रश्न " को "दिनांक 9 मार्च, 2017 को स्थान्नांतरित किया गया।"

शिमला-171004.
दिनांकः 02.03.2017

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव।